ANT

कार्यालय प्रधानाचार्य महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अम्बेडकर नगर, उ0प्र0

पत्रांक:रेजीडेन्ट/विज्ञप्ति/2026/ दिनांकः 05/05/2026

:सेवायोजन विज्ञप्तिः

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक संख्या–एम0ई0–3/2024/2443 दिनांक 22 अक्टूबर, 2024 के द्वारा निर्देश प्राप्त हुए है कि दिनांक 20.10.2024 को मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में मेडिकल कालेजों, की चिकित्सा प्रबन्धन एवं मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधाओं एवं उनके तीमारदारों को बेहतर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से हास्पिटल एडमिनिट्रशन (Hospital Adminitration) के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी है, उक्त के अनुपालन में महामाया राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर में नॉन पी0जी0 जे0आर0 के रिक्त पदों के सापेक्ष नॉन पी0जी0 जे0आर0 अस्पतालन प्रशासन (Hospital Adminitration) के पदों पर चयन हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यू (Wok in Interview) के माध्यम से कालेज स्तर से चयन किया जाना है, इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों शैक्षिक/अनुभव प्रमाण पत्रों/ शोध पत्रों/आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की (स्व प्रमाणित) छायप्राति सहित 01 सेट बायोडाटा के साथ प्रत्येक बुधवार को (पद भरे जाने तक) प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रातः **10:00 बजे से सांय 3:00** बजे तक उपथित होना सुनिश्चित करें।

उक्त हेतु पदों का विवरण निम्नवत् है–

महामाया राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर में नॉन पी0जी0 जे0आर0 के रिक्त पदों के सापेक्ष नॉन पी0जी0 जे0आर0 अस्पताल प्रशासन (Hospital Adminitration) के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है।

क्र0सं0	विशिष्टता का नाम	रिक्त पदों की संख्या	आवदेक की अर्हता
1.	अस्पताल प्रशासन (Hospital Adminitration)	02 (UR-01), (OBC-01)	एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिट्रेशन की अर्हता रखते हो)

नोटः–शासन के द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही चयन प्रक्रिया की जायेगी एवं सीटों की संख्या आवश्यकतानुसार घट एवं बढ़ सकती है।

उक्त पदों पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् हैः–

1. संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) का वेतनमान रू0 56100/–(7th Pay Level-10) प्रतिमाह है।
2. समस्त पदों पर योग्यता एन0एम0सी0 नई दिल्ली के मानकों के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अुनसार होगी।
3. अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिये।
4. संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) की सेवाएं महानिदेशालय से सेवा बाण्ड के आधार पर चयनित जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) के उपलब्ध होने/सम्बन्धित विषय में पी0जी0/डिप्लोमा छात्र/छात्राओं के प्रवेश लेने पर (Last Come Firsr Go) के आधार पर नियुक्त अभ्यर्थी की सेवा तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती है, संविदा छोड़ने की स्थिति में 01 माह पूर्व नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का वेतन/मानदेय कोषागार के माध्यम से जमा कराना होगा।
5. जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) हेतु अभ्यर्थी का Compulsory Rotatory Internship Traning दिनांक 30.06.2024 तक पूर्ण होनी चाहिये।
6. आवेदक को एन0एम0सी0/मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना अनिवार्य है।
7. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में प्रोविजनल डिग्री मात्र 06 माह की अवधि तक मान्य होगा।
8. अभ्यर्थियों का चयन अर्हता परीक्षा के प्राप्तांकों एवं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांको के आधार पर किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

9. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।
10. यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई है।
11. हाईस्कूल प्रमाण पत्र (जन्म तिथि सत्यापन हेतु)।
12. उक्त पदों पर शासन के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।
13. यदि अभ्यर्थी पूर्व से ही किसी संस्थान में कार्यरत है, साक्षात्कार हेतु सम्बन्धित संस्थान से Experience/ Reliving Letter /NOC लेकर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

नोटः–वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk in Interview) में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर।

पत्रांकःरेजीडेन्ट / विज्ञप्ति / 2026 / 1447-56 तद्दिनांकः–

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आव यक कार्यवाही हेतु प्रेशितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0,लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
3. वित्त नियंत्रक, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 सूचना भवन, पार्क रोड, लखनऊ।
5. प्रधानाचार्य, समस्त मेडिकल कालेज / स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय उ0प्र0।
6. प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान कार्यालय, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
7. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
8. समस्त सदस्य चयन समिति एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
9. नोटिस बोर्ड / सूचना पट्ट हेतु।

प्रधानाचार्य
एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर।

Scanned with OKEN Scanner